कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

E-Mail : cfkumaon_north@rediffmail.com ☎ (05962) 231099 (05962) 230397 Fax 230397

पत्रांक 895 /12–1 दिनांक, अल्मोड़ा, 20/09/.2016.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।

विषय :– पनघट –गुलोली से अभ्याड़ी मोटर मार्ग (प्रस्ताव संख्या 15358 / 2015)।

संदर्भ :– आप द्वारा प्रेषित ऑन लाईन प्रस्ताव दिनांक 14.09.2016.

महोदय,

आप द्वारा दिनांक 14.09.2016 को सम्बन्धित प्रस्ताव ऑन लाइन किया गया है। परन्तु इस कार्यालय स्पष्ट निर्देशो के पश्चात भी इस प्रस्ताव से सम्बन्धित हॉड कॉपी इस कार्यालय को भी उपलब्ध नही करायी गयी है। इस कारण प्रपत्र 2 ऑन लाइन में सूचित सूचनाओं का मिलान हॉड कॉपी से सूचनाओं से किया जाना सम्भव नही हो रहा है। ऐसी स्थिति में इस प्रस्ताव को अग्रसारित करना भी सम्भव नही हो पा रहा है।

उक्त आलोक में आप द्वारा प्रेषित प्रस्ताव वापस किया जाता है। कृपया तत्काल अपेक्षित कार्यवाही करें।

भवदीय

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

पत्रांक 895 / 12-1-2 दिनांकित

प्रतिलिपि – मुख्य अभियन्ता कुमाऊँ क्षेत्र लो0नि0वि0 अल्मोड़ा को प्रेषित कर अनुरोध है कि कतिपय अधिशासी अभियन्ताओं द्वारा वन भूमि हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रस्तावों की हॉड कॉपी इस कार्यालय में प्रस्तुत नही की जा रही है जबकि प्रस्ताव ऑन लाईन के माध्यम से इस कार्यालय में प्रस्तुत हो जाते है। हॉड कॉपी के अभाव में सूचनाओं को मिलान करने में कठनाई होती है तथा प्रस्ताव अग्रिम कार्यवाही हेतु उच्च स्तर को प्रेषित करने में अनावश्यक विलम्ब होता है। इस सम्बन्ध में आप सभी अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे भूमि हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रस्ताव ऑन लाईन करने से पूर्व उसकी हॉड कॉपी इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।